# मेट्रो साइट पर नहीं पनपेंगे मच्छर

■ **वसं, मुंबई :** मॉनसून के आगमन के साथ ही मुंबई मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड ( एमएमआरसीएल ) को मेट्रो साइट के मच्छरों के ब्रीडिंग पॉइंट बनने का डर सताने लगा है। जलजमाव के कारण मेट्रो निर्माण स्थल मच्छरों का ब्रीडिंग पॉइंट न बने, इसके लिए एमएमआरसीएल के डायरेक्टर रणजीत सिंह देवल ने मेट्रो निर्माण स्थल का दौरा किया। ठेकेदारों को समय पर साइट पर कीटनाशक दवाओं के छिड़काव का आदेश दिया। कोलाबा-बांद्रा-सिप्ज के बीच मुंबई में 33.5 किमी लंबा मेट्रो का भूमिगत मार्ग तैयार किया जा रहा है। मेट्रो-3 कॉरिडोर के मार्ग पर कुल 26 स्टेशनों का निर्माण कार्य भी चल रहा है। स्टेशन निर्माण के लिए महानगर के कई स्थानों पर खुदाई की गई है। भूमिगत मेट्रो के लिए जमीन से करीब 15 से 20 मीटर तक खुदाई की गई है। बारिश के दौरान इन स्थानों पर एमएमरआसीएल को जल भराव की चिंता सताने लगी है। जलभराव की परेशानी से निपटने के विभिन्न स्थानों पर 427 पंप की व्यवस्था की गई है।

**MMRCL डायरेक्टर ने किया साइट का दौरा, कीटनाशक दवाओं के छिड़काव का आदेश**

इसके बाद भी मेट्रो साइट के एक छोटे से स्थान पर भी पानी के एकत्रित होने से वह ब्रीडिंग साइट बन सकता है। इस वजह से मेट्रो साइट पर कीटनाशक दवा का छिड़काव किया जा रहा है। सोमवार को रणजीत सिंह देवल ने महालक्ष्मी, चर्चगेट और विधानभवन स्टेशन का दौरा कर दवा छिड़काव के कारण का जायजा लिया।